उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 27.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 27.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।





## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में *महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा* सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक- 27.09.2025 को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें क्रमशः

**थाना कोतवाली नगर महोबा** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना कबरई** – कस्बा कबरई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खन्ना-** विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना चरखारी** – कस्बा चरखारी में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खरेला** – कस्बा खरेला के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में
**थाना श्रीनगर** – कस्बा श्रीनगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में
**थाना पनवाड़ी** – थाना पनवाड़ी के कस्बा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में
**थाना महोबकंठ** – कस्बा महोबकंठ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में
**थाना कुलपहाड़** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना अजनर** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**महिला थाना** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में

इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर परस्पर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, *गुड टच-बैड टच*, *साइबर अपराध* से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:-**

**112 –** पुलिस आपातकालीन सेवा, **1076 –** मा० मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
**1090** – विमेन पावर हेल्पलाइन, **1930 –** साइबर अपराध हेल्पलाइन **102 –** स्वास्थ्य सेवा,
**108 –** एम्बुलेंस सेवा **1098 –** चाइल्ड हेल्पलाइन, **181 –** महिला हेल्पलाइन

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।














उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## शारदीय नवरात्रि में "मिशन-शक्ति फेज-5.0" के विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपदीय मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो स्कवाड द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को ऑडियो/वीडियो/पोस्टर के माध्यम से सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में "मिशन-शक्ति अभियान" के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने व जागरूक करने हेतु जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें महिलाओं/बालिकाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों यथा- घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम कानून एवं भारतीय दण्ड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध विभिन्न अपराधों आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर/फोरम जैसे- वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन- मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन नम्बर 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, वन स्टाप सेण्टर 181, साइबर हेल्प लाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग एवं जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।






**“थाना समाधान दिवस” के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

- आज दिनांक- 27.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना श्रीनगर में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में की गयी।

- जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

- उन्होने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना पनवाड़ी पर आयोजित "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित को प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

- थाना कुलपहाड़ में क्षेत्राधाकारी कुलपहाड़, श्री रविकांत गोंड द्वारा प्र0नि0 कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा एवं अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जनसमस्याओं की सुनवाई की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

- इसी प्रकार थाना कबरई व थाना कोतवाली नगर महोबा अवस्थित चौकी भटीपुरा में क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई की गयी।

- जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई।

- थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 23 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 07 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी, इनमें से कुल 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है, शेष शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।



## "मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0" के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान महोबा में सक्रिय

जनपदीय पुलिस महोबा द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0" के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 27.09.2025 को जनपद महोबा की मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो स्क्वायड द्वारा ग्राम, कस्बा, मोहल्ला एवं दुर्गा पंडालों सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया गया। इन स्थानों पर चौपाल लगाकर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, अधिकारों और हेल्पलाइन सेवाओं जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

अभियान की मुख्य विशेषताएँ:

### कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण:

महिला सम्मान, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### प्रशासनिक नेतृत्व और पर्यवेक्षण:

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, सर्किल अधिकारियों के नेतृत्व में सभी थानों में नियुक्त मिशन शक्ति टीम/महिला बीट अधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल आयोजित की जा रही है।

### जागरूकता और प्रशिक्षण:

"मिशन शक्ति-05" के अंतर्गत बालिकाओं/छात्राओं और महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु ग्रामीण क्षेत्रों, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाई जा रही है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही हैं।

### जानकारी एवं कल्याणकारी योजनाएँ:

महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन और सेवाओं की जानकारी दी जा रही है, जैसे:
* महिला हेल्प डेस्क
* एंटी रोमियो स्क्वायड
* बाल श्रम उन्मूलन
* शक्ति दीदी
* यूपी-112
* वूमेन पावर लाइन-1090
* आत्मरक्षा टिप्स

साथ ही उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जैसे:
* मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
* निराश्रित महिला पेंशन
* उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
* राष्ट्रीय पोषण मिशन
* रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष
* मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना
* प्रधानमंत्री मात्र वन्दना योजना

### उद्देश्य:

इस अभियान का उद्देश्य जनकल्याण, मानव समाज की सेवा, महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। शासन प्रशासन महिलाओं के उत्थान और सम्मान के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में "दंगा नियंत्रण उपकरण" के साथ पैदल गश्त कर किया गया सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण...

आज दिनांक 27.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख कस्बों, बाजारों, महत्वपूर्ण चौक-चौराहों यथा- रामकथा मार्ग, तहसील तिराहा, चरखारी बाईपास, खनगा बाजार, शुक्रवारी बाजार इत्यादि घनी मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर निरंतर निगरानी रखी जाए।

गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने धार्मिक गुरुओं, संभ्रांत नागरिकों व व्यापारी बंधुओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आगामी त्यौहारों एवं आयोजनों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान व्यापारी बंधुओं को अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों/अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद महोबा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी असामाजिक तत्व अथवा शांति भंग करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर श्री शिवध्यान सिंह पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डे एवं अन्य सम्बन्धित अधि/कर्म मौजूद रहे।

